**TERMS & CONDITIONS: 1.** The e-Auction is being held on "as is where is,as is what is, whatever is there is and without recourse basis " **2.** The Authorized Officer/ Secured Creditor shall not be responsible in any way for any third party claims/ rights/ dues. **3.** It shall be the responsibility of the bidders to inspect and satisfy themselves about the asset and specification before submitting the bid. The inspection of asset put on auction will be permitted to interested bidders at sites as mentioned against hypothecated asset description. **4.** The interested bidders shall submit their EMD through Web Portal:Car Trade Exchange(MXC) cartradeexchange.com,CarDekho cardekho.com,SHEERDRIVE sheerdrivepro.com& Mahindra FirstChoice(EDIIG) ediig.com(the user ID & Password can be obtained after making the statutory payment for the portal more particularly mentioned as per the terms and conditions of the portal as described above). The highest bid shall be subject to approval of HDFC Bank Limited. Further, Authorized Officer reserves the right to accept/ reject all or any of the offers/ bids so received without assigning any reasons whatsoever. His decision shall be final & binding. **5.** After registration and for participation, the bidder may abide by the terms and conditions and submission of the necessary documents as per the portal terms and conditions. **6.** The interested bidders who require assistance in creating Login ID & Password, uploading data, submitting bid, training on e-bidding process etc. may write or seek assistance by writing to the above mentioned portal. Further, it is made clear that the HDFC Bank has no role in providing any kind of assistance. **7.** During the Online Inter-se Bidding, Bidder can improve their Bid Amount as per the 'Bid Increase Amount' (mentioned above) or its multiple and in case bid is placed during the last 5 minutes of the closing time of the e-Auction, the closing time will automatically get extended for 5 minutes (each time till the closure of e-Auction process), otherwise, it'll automatically get closed. The bidder who submits the highest bid amount (not below the Reserve Price) on the closure of the e-Auction Process shall be declared as a Successful Bidder by the Authorized Officer/ Secured Creditor, after required verification. **8.** The Authorized Officer is not bound to accept the highest offer and the Authorized Officer has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/ postpone/ cancel the e-Auction without assigning any reason thereof. **9.** The bidders are advised to go through the detailed Terms & Conditions of above mentioned portal before submitting their bids and taking part in the e-Auction. **10.** Intended bidder(s) shall hold a valid digital signature certificate issued by the competent authority. It is the sole responsibility of the bidder to obtain the said digital certificate and ensure access to a computer terminal/ system with internet connection to enable him/her to participate in the bidding. Any issue with regard to Digital Signature certificate and connectivity during the course of bidding online shall be the sole responsibility of the bidder and no claim shall be entertained in this regard. The intending bidders should register their name at Web Portal:Car Trade Exchange(MXC) cartradeexchange.com,CarDekho cardekho.com,SHEERDRIVE sheerdrivepro.com& Mahindra First Choice(EDIIG) ediig.comand get user-id and password by making the statutory payment as per the terms and conditions. Bidders who are holding valid ID & Password provided bythe above said portal for this auction after due verification of PAN are allowed to participate in online e-auction on the above portal.**11.** Bidding in the last moment should be avoided in the bidders own interest as neither the HDFC BANK nor Service provider will be responsible for any lapse/failure(Internet failure/power failure etc.). in order to ward-off such contingent situations bidders are requested to make all necessary arrangements / alternatives such as power supply back-up etc, so that they are able to circumvent such situation and are able to participate in the auction successfully. **15 DAYS SALE NOTICE AS PER DRT ORDER DATED:25-08-2025 IN CASE TITLED "HDFC BANK VS SURGE INDUSTRIES &3 ORS" IN OA No.1175/2024** The borrower and guarantor are hereby notified to pay the sum as mentioned above along with upto dated interest and ancillary expenses before the date of e-Auction, failing which the asset will be auctioned/ sold and balance dues, if any, will be recovered with interest and cost.

**Date: 01-07-2026, Place: Delhi**

**Authorised Officer, HDFC Bank Ltd.**

---

# CFM ASSET RECONSTRUCTION PRIVATE LIMITED

CFM ARC thoughtful regeneration

**CIN: U67100GJ2015PTC083994**
**Address: 1st Floor, Wakefield House, Sprott Road, Ballard Estate, Mumbai 400038**

### DEMAND NOTICE UNDER SECTION 13(2) OF THE SARFAESI ACT, 2002 R/W RULE 3(1) OF THE SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES, 2021

Finova Capital Private Limited. has vide a Deed of Assignment dated 28th November, 2025 assigned in favor of CFM Asset Reconstruction Private Limited, inter alia, the debt due and payable by you/all along with all its right, title, interests, benefits, under/in respect of your captioned loan account/s/agreement along with the underlying security/ies and security interest created in respect of immovable property/ies for repayment of the debt. Now this notice is issued Under Section 13(2) of the Securitizations and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002, ("The Act") read with rule 3 (1) of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002. The undersigned is the Authorized Officer of the CFM Assets Reconstruction Private Limited ("CMFARC") under the Securitizations and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002. In exercise of powers conferred under the Section 13 (2) of the Act read with rule 3 of the security Interest (Enforcement) Rules, 2002, the Authorized Officer has issued a Demand Notice under section 13 (2) of The Act, calling upon the following borrower(s), to repay the amounts mentioned in the respective Demand Notice issued to them that are also given below. In connection with above, Notice is hereby given once again, to the Borrowers/ Co Borrowers/ Mortgagors to pay CFMARC, within 60 days from the publication of this notice, the amounts indicated herein below, together with further interest as detailed in the said Demand Notice, from the date(s) mentioned below till the date of payment and/or realization, payable under the loan agreement read with other documents/writings, if any, executed by the said Borrowers/ Co Borrowers/ Mortgagors. As security for due repayment of the loan, the following assets have been mortgaged to CFMARC by the said borrower(s) respectively.

| LAN Number/ Name of Borrower/Co borrower/Mortgagor/ Guarantor | Date and Amount of Demand Notice U/s. 13(2) | Details of Properties/ Address of Secured Assets to be Enforced |
|---|---|---|
| Loan A/c no. : 6042454 : ANIL KUMAR (Borrower), SALELATA (Co- borrower), Trust : 200 | 05-Mar-2026, Rs. 3,84,801 ( Rs Three Lakh Eighty Four Thousand Eight Hundred One Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property no.27, kharsa no.181 , Gram- Khanampur Kasauli, Pargana Manglaur, Tehsil- Roorkee, District- Haridwar, Uttrakhand. 247665. Admeasuring 54.7208 sqmt, |
| Loan A/c no. : 6005980 : BHAGATU DAS (Borrower), RAVITA RAVITA (Co- borrower), Trust : 200 | 20-Jan-2026, Rs. 5,44,725 ( Rs Five Lakh Forty Four Thousand Seven Hundred Twenty Five Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property Khata No.388, Khasra no.215, Vill. - Mauza- Mehuwala Khalsa, Tehsil - Vikasnagar, Distict- Dehradun, Uttarakhand, 248125. Admeasuring 56.59 sqmt, |
| Loan A/c no. : 6054750 : SATYVEER SINGH (Borrower), ANKITA (Co- borrower/ Mortgagor), Trust : 200 | 05-Mar-2026, Rs. 6,08,983 ( Rs Six Lakh Eight Thousand Nine Hundred Eighty Three Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property BEARING KHASRA NO. 473 SITUATED AT MOUJA/Village - LATHARDEYA HOON, JHABRERA, TEHSIL - ROORKEE, DISTT. - HARIDWAR., Uttarakhand 247665. Admeasuring 1640 Sq. Ft, |
| Loan A/c no. : 6046550 : SINDER KAURE (Borrower/ Mortgagor), AMANDEEP SINGH (Co- borrower), Trust : 200 | 05-Mar-2026, Rs. 6,03,862 ( Rs Six Lakh Three Thousand Eight Hundred Sixty Two Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property Khasra no.394/3 Min, Property situated at Gram - Dakiya Kalan, Tehsil - Kashipur, Distt - Udham Singh Nagar, Uttarakhand. 244713 Admeasuring 3500 sqft, |
| Loan A/c no. : 6044938 : HARJEET SINGH (Borrower/ Mortgagor), PARAMJEET KAUR 2. BALVINDER SINGH (Co- borrower), SUKHDEV SINGH (Guarantor) Trust : 200 | 02-Feb-2026, Rs. 13,64,516 ( Rs Thirteen Lakh Sixty Four Thousand Five Hundred Sixteen Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property Khata No-185, Khasra/ Khet No.1261, Village- Devkali, Tehsil - Sitarganj, Distt- Udham Singh Nagar, Uttarakhand.262311 Admeasuring 3360 Sq. Ft, |
| Loan A/c no. : 6040009 : NOOR HASAN (Borrower), AFASANA (Co- borrower), Trust : 200 | 05-Mar-2026, Rs. 4,79,309 ( Rs Four Lakh Seventy Nine Thousand Three Hundred Nine Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property Khasra No. 70, Situated at Mauza- Alhadadpur Nivari, Pargana & Tehsil- Koil, District- Aligarh. U.P.202201. Admeasuring 405 Sq. Ft, |
| Loan A/c no. : 6040960 : PAWAN KUMAR (Borrower), SHANTI DEVI (Co- borrower/ Mortgagor), Trust : 200 | 05-Mar-2026, Rs. 6,18,708 ( Rs Six Lakh Eighteen Thousand Seven Hundred Eight Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property Situated at Mauza Mohalla- Sikarvar Kasba- Khair Pargana & Tehsil- Khair, District-Aligarh, U.P.202138. Admeasuring 93.21 sqyd, |
| Loan A/c no. : 6041436 : ASLAM ALI (Borrower), MOHAMMAD ANAS (Co- borrower/ Mortgagor), TARANA TARANA (Co-Borrower), JABBAR JABBAR (Guarantor), Trust : 200 | 28-Feb-2026, Rs. 7,74,693 ( Rs Seven Lakh Seventy Four Thousand Six Hundred Ninety Three Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property HOUSE AT PART OF KHASRA NO.119, VILLAGE MEERPUR KHUDIYALA, PARGANA DASNA, TEHSIL DHAULANA, DISTRICT HAPUR.245101. Admeasuring 930 Sq. Ft, |
| Loan A/c no. : 5042532 : YANKIT YANKIT (Borrower/ Mortgagor), 1. RAJKUMAR RAJKUMAR 2.SUMAN SUMAN (Co-Borrower), Trust : 200 | 05-Mar-2026, Rs. 8,03,837 ( Rs Eight Lakh Three Thousand Eight Hundred Thirty Seven Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property Khasra No. 349, Village-Rajpur Kalan, Pargana-Sikandrabad, Tehsil & Distt.-Gautam Budh Nagar,UP .203202. Admeasuring 200 Sqyd, |
| Loan A/c no. : 5023535 : ASHOK KUMAR (Borrower), KAMLESH KAMLESH (Co- borrower/Mortgagor) AMIT KUMAR (Co-Borrower), DHARM SINGH (Guarantor), Trust : 200 | 02-Feb-2026, Rs. 7,04,094 ( Rs Seven Lakh Four Thousand Ninety Four Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property Plot No. - 46, Khasra No. - 86, 88, 89, 95 and 99, Village - Jasrupnagar, Nagar Palika - Hapur, Paragana, UP. 245101. Admeasuring 110.55 sqyd, |
| Loan A/c no. : 5037713 : Hasmuddin Hasmuddin (Borrower), Nagina Nagina (Co- borrower/Mortgagor) RAHIS KHAN (Co-Borrower), Trust : 200 | 20-Jan-2026, Rs. 8,82,510 ( Rs Eight Lakh Eighty Two Thousand Five Hundred Ten Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property KHASRA No. 340, VILLAGE - SIRODHAN, PARGANA - HAPUR, TEHSIL - DHAULANA, DISTRICT - HAPUR, UP 245301 . Admeasuring 150 sqyd, |
| Loan A/c no. : 5037700 : MANOJ MANOJ (Borrower/Mortgagor), GUDDI GUDDI (Co- borrower) PREMVEER PREMVEER (Guarantor), Trust : 200 | 20-Jan-2026, Rs. 11,44,389 ( Rs Eleven Lakh Forty Four Thousand Three Hundred Eighty Nine Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property HOUSE AT PART OF GATA No. 1650, VILLAGE - PARGANA , TEHSIL - SIKANDRABAD , DISTRICT - BULANDSHAHR, UP Admeasuring 752.49 sqft, Bounded as under East: Plot of First Party, West: Plot of first Party, North: Nala, South: Rasta 15 ft. Wide |
| Loan A/c no. 6054699 : KRISHNA DEVI(Borrower/ Mortgagor) VINOD KUMAR, (Guarantor), Trust : 200 | 5-Mar-2026, Rs. 6,25,101 ( Rs Six Lakh Twenty Five Thousand One Hundred One Only) as on 30-Nov-2025 | All that part & parcel of the Property Khewat No. 520, Khatoni no. 600, Killa No. 129//13(8-0), Kita-1, Intkal Manjur Sudha No. 7012, Village - Lakhan Majra, Tehsil - Meham, Distt - Rohtak, Haryana Pin Code -124513, Admeasuring 240 sqyd, |

If the said Borrower/s shall fail to make payment to CFMARC as aforesaid, CFMARC shall proceed against the above secured assets under the section 13 (4) of the Act and applicable rules, entirely at the risks of the said Borrower(s) as to costs and consequences. The borrower/s are prohibited under the Act from transferring the aforesaid assets, whether by way of sale, lease or otherwise without the prior written consent of CFMARC. Any person who contravenes or abets contravention of the provisions of the Act or Rules made thereunder, shall be liable for imprisonment and/or penalty as provided under the Act.

**Date: 30-June-2026**
**Place: Delhi**

**Authorised Officer**
**CFM Asset Reconstruction Private Limited**
**[Acting in its capacity as trustee of CFMARC Trust - 200]**

# उत्तर प्रदेश में मानसून ने दी दस्तक कई जिलों में बारिश ने दी राहत

## बरेली जिले के बहेड़ी में सबसे ज्यादा 157 मिलीमीटर वर्षा की गई दर्ज

भास्कर न्यूज | लखनऊ

दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने के साथ ही उत्तर प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम तथा कुछ स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में वर्षा की गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना है। मौसम विभाग के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के बहेड़ी में सर्वाधिक 157 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा ललितपुर के तालबेहट में 106 मिमी, बरेली के नवाबगंज में 40 मिमी, रामपुर के बिलासपुर में 33 मिमी, शाहजहांपुर के नरौरा बुलंदशहर में 32.2 मिमी, ललितपुर में 2518 मिमी तथा मिलक रामपुर और शाहजहांपुर वेधशाला में 24.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। पूर्वी उत्तर प्रदेश में निगहासन खीरी में 96.4 मिमी, मोहम्मदी खीरी में 86.4 मिमी, पलियाकलां खीरी में 69.4 मिमी, अयोध्या वेधशाला में 69 मिमी, टांडा अंबेडकरनगर में 68 मिमी, गोंडा और मनकापुर में 64-64 मिमी वर्षा दर्ज की गई। खलीलपुर संतकबीरनगर में 55.8 मिमी, भिनगा में 48.6 मिमी, हरदोई वेधशाला में 47.2 मिमी व धनघटा में 42 मिमी वर्षा हुई।



### दो-तीन दिन में पूरे प्रदेश में सक्रिय होगा मानसून

मौसम विभाग ने बताया कि मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं और अगले दो से तीन दिनों के दौरान प्रदेश के शेष हिस्सों में भी इसके सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी रहने तथा कहीं-कहीं भारी वर्षा होने के आसार हैं। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने जुलाई के लिए जारी मासिक पूर्वानुमान में कहा है कि देश में औसत वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना है। हालांकि उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, पूर्व-मध्य भारत तथा पूर्वी प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में सामान्य से सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है।

### जुलाई में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक

आईएमडी के अनुसार जुलाई में देश के अधिकांश भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। वहीं भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में कमजोर एल-नीनो की स्थिति बनी हुई है, जिसके मानसून के दौरान और मजबूत होने की संभावना है, जबकि हिंद महासागर ध्रुव तटस्थ स्थिति में बना रहने का अनुमान है।

# आक्रोशित ग्रामीणों के पथराव से पांच सिपाही घायल

**भास्कर न्यूज, बाराबंकी।** बाराबंकी-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को युवक की संदेहास्पद परिस्थितियों मे हुयी मौत से आक्रोशित परिजनों ने शव को बीच सड़क पर रख कर जाम लगा दिया। पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया तो ग्रामीण उनसे भिड़ गए। पथराव में रामनगर कोतवाल सहित पांच सिपाही घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना रामनगर अंतर्गत बाराबंकी बहराइच मार्ग पर 2.30 बजे जाम लगाया गया। उनकी मांग थी कि मृतक जितेंद्र की हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। गौरतलब है कि सोमवार को कटियारा गांव के जितेंद्र का शव फंदे से लटका मिला था। परिजन जितेंद्र की हत्या की आशंका जता रहे हैं। इसी प्रकरण में हत्या की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग को लेकर जाम लगाया गया। जब पुलिस जाम खुलवाने पहुंची तभी ग्रामीणों ने उन पर पथराव कर दिया। अचानक हुए पथराव से रामनगर कोतवाल अरुण कुमार सिंह सहित पांच सिपाही घायल हो गए। घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया लेकिन आवागमन बहाल नहीं हो सका था।

# इलाज के दौरान युवक की मौत पर लोगों ने शव रख रोका रास्ता

### पयागपुर गांव के सामने पंचकोशी रोड पर मैजिक की टक्कर से हुई थी मौत

## उप जिलाधिकारी के आश्वासन पर दो घंटे बाद जाम समाप्त

भास्कर ब्यूरो | वाराणसी

स्थानीय थाना क्षेत्र के पयागपुर गांव के सामने पंचकोशी रोड पर सोमवार शाम करीब 6 बजे तेज रफ्तार मैजिक वाहन की टक्कर से बाइक सवार टोडरपुर निवासी बनारसी विश्वकर्मा (42) गंभीर रूप से घायल हो गया था। बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर घर जाते समय आक्रोशित परिजनों ने घटनास्थल के बगल मातलदेई चौराहे पर महिलाओं और बच्चों के साथ शव सड़क पर रखकर पंचकोशी मार्ग पर मैजिक वाहन चालक की गिरफ्तारी व मुआवजा सहित विभिन्न मांगो को लेकर चक्का जाम कर दिया।



सूचना पर रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने एसडीएम राजातालाब शांतुनकुमार व एसीपी राजातालाब वीर सिंह को फोन कर जानकारी दी। सूचना पर एसडीएम, एसीपी वीर सिंह, तहसीलदार शालिनी सिंह, नायब तहसीलदार संग्राम सिंह और थाना प्रभारी दयाराम मौके पर पहुंचे और परिजनों से जाम हटाने की अपील की।

### ऐसे समाप्त हुआ जाम

उप जिलाधिकारी राजातालाब ने सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख रुपया नगद व मृतक की पत्नी ममता को पेंशन सहित विभिन्न मांगों को पूरा करने के आश्वासन दिया तब जाकर जाम समाप्त हुआ। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दर्शन यादव, राजातालाब विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष हीरालाल विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान पवन गोंड़, विजय पांडेय, राजकुमार विश्वकर्मा, ममता विश्वकर्मा, इंद्रेश सिंह, शिववली विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, अमित सिंह, शारदा सिंह गुड्डू, कृपाशंकर तिवारी, अजय सिंह आदि रहे।

# रोहनियां हत्याकांड का खुलासा, सीपी ने टीम को दिया एक लाख का इनाम



### मुठभेड़ में दबोचे गए दो समेत पांच आरोपी गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो | वाराणसी

रोहनियां के अवलेशपुर में व्यापारी जितेन्द्र पटेल की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 2 को मुठभेड़ में दबोचा गया। मंगलवार को पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने इस कामयाबी पर एसओजी, रोहनियां और वरुणा जोन की टीम को सम्मानित किया। टीम को कुल 1 लाख रुपये नगद पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न दिए गए। सीपी ने टीम की तत्परता और साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि पेशेवर दक्षता और टीमवर्क से ही इस जघन्य हत्याकांड का जल्द खुलासा हो सका। उन्होंने आगे भी इसी लगन से काम करने का निर्देश दिया। एसओजी प्रभारी गौरव सिंह और रोहनियां प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह को 25-25 हजार रुपये मिले। अन्य पुलिसकर्मियों को 10-10 हजार रुपये दिए गए। सम्मानित टीम में उनि गौरव सिंह, उनि आयुष पाण्डेय, का. मनीष बघेल, का. अंकित मिश्रा, निरी. राजू सिंह, उनि भरत चौधरी शामिल हैं।

# 18 कर्मचारी को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

भास्कर ब्यूरो | वाराणसी

बनारस रेल इंजन कारखाना में मंगलवार को 18 कर्मचारियों को सम्मान के साथ सेवानिवृत्ति दी गई। इसमें एक अधिकारी सहित जून में रिटायर हुए कर्मचारी शामिल थे। कीर्ति कक्ष में आयोजित समारोह में सभी को फूल-माला और स्मृति चिह्न भेंट किए गए। प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी लालजी चौधरी ने कहा कि 'सेवानिवृत्ति अंत नहीं, नई शुरुआत है। आपने अनुशासन और समर्पण से बरेका को आगे बढ़ाया। आपकी कार्यसंस्कृति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा रहेगी।

# रामलला का दर्शन करने से रोकना संवैधानिक अधिकारों का हननः कांग्रेस

भास्कर न्यूज | देवरिया

देवरिया में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने मंगलवार को कहा कि पार्टी नेताओं को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने से रोकना उनके लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का सरासर उल्लघंन है। उन्होंने कहा कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल को आज 11 बजे अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन पूजन करना था, मगर इससे पहले सोमवार देर रात्रि पुलिस-प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं उनके आवासों में नजरबंद कर दिया। इसके चलते जिले के कई कांग्रेस कार्यकर्ता अयोध्या के लिए प्रस्थान नहीं कर सके और निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होकर प्रभु श्रीराम जी के दर्शन-पूजन से वंचित रह गए।

उन्होंने जिला प्रशासन की कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं धार्मिक आस्था से जुड़ा था। ऐसे कार्यक्रम में शामिल होने से रोकना नागरिकों के लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और सभी धर्मों के सम्मान की भावना में विश्वास करती है तथा धार्मिक आस्था के कार्यक्रम में शामिल होने से रोकना उचित नहीं कहा जा सकता।

# नोएडा की कंपनी में टिन शेड खोलते समय हादसा, पैर फिसलने से मजदूर की मौत

**भास्कर न्यूज, नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा फेस दो थाना क्षेत्र के सेक्टर 83 स्थित एक कंपनी में काम के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई है। मृतक की पहचान शहजाद (32) पुत्र रहीसुद्दीन के रूप में हुई है। जो चरण सिंह कॉलोनी, थाना विजयनगर, गाजियाबाद का रहने वाला है। बताया कि सोमवार को थाना फेस दो पुलिस को मीमो के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि सेक्टर 83 स्थित एक कंपनी में टिन शेड खोलने का कार्य करते समय शहजाद का अचानक पैर फिसल गया।


## जयप्रकाश पॉवर वेंचर्स लिमिटेड

सी आई एन: L40101MP1994PLC042920
पंजीकृत कार्यालय : जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट परिसर, निगरी, तहसील सराई, जिला सिंगरौली–486669 (मध्य प्रदेश),
दूरभाष : +91 (7801) 286021–39, फैक्स :+91 (7801) 286020
कॉर्पोरेट कार्यालय : 'जेए' हाउस, 63, बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057
दूरभाष : +91(011) 49828500 फैक्स : +91(011) 26145389
वेबसाइट :www.jppowerventures.com, ई मेल: jpvl.investor@jalindia.co.in

### 31वीं वार्षिक साधारण सभा की सदस्योंको सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :

1. सेबी (सूचीकरण दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं ) विनियम, 2015 के अंतर्गत विशेष परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoD2/ CIR/P/2023/120 दिनांकित 11 जुलाई 2023, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांकित 7 अक्टूबर 2023, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांकित 3 अक्टूबर 2024 ( परिपत्रों ) सहित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ( सेबी ) द्वारा जारी अनेकों परिपत्रों के साथ पढ़े जाते हुये साधारण परिपत्र संख्या 09 / 2024 दिनांकित 19 सितम्बर, 2024 और 03 / 2025 दिनांकित 22 सितम्बर, 2025 सहित कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाये नियमों के साथ पढ़े जाते हुये कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा समय समय पर जारी विभिन्न परिपत्रों के अनुपालन मे, कंपनी की 31वीं वार्षिक साधारण सभा ( 31वीं एजीएम) गुरुवार, 30 जुलाई, 2026 को सुबह 11:30 बजे भारतीय समयानुसार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों ("वीसी / ओएवीएम") से एक ही जगह पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना होगी।
2. एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्र के अनुरूप, 31वीं एजीएम का नोटिस और 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष की वित्तीय विवरणी सहित वित्तीय वर्ष 2025–26 की वित्तीय विवरणी ("वार्षिक रिपोर्ट") उन सदस्यों को ई–मेल द्वारा भेज दी जायेगी जिनके ई–मेल पते कंपनी / निक्षेपकर्त्ताओं के पास पंजीकृत हैं। सदस्यों 31वीं एजीएम में ("वीसी / ओएवीएम") के माध्यमों से ही शामिल और भाग ले सकते है । 31वीं एजीएम में शामिल होने और 31वीं एजीएम में दूरस्थ इलैक्ट्रानिक मतदान अथवा ई वोटिंग प्रक्रिया द्वारा मतदान मे भाग लेने के तरीके हेतु निर्देश 31वीं एजीएम नोटिस में दिये गये है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अंतर्गत वीसी / ओएवीएम सुविधा द्वारा भाग लेने वाले सदस्यों की कोरम की गणना के उद्देश्य से गणना की जायेगी । 31वीं एजीएम का नोटिस और वार्षिक विवरणी कंपनी की वेबसाईट www.jppowerventures.com और बीएसई लिमिटेड की वेबसाईट यानि www.bseindia.com और एनएसई की www.nseindia.com पर डाउनलोड करने के लिये उपलब्ध हैं ।
3. भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले वो सदस्य, जिनका ई–मेल पता कंपनी / निक्षेपकर्त्ताओं के पास पंजीकृत नही है, अपने ई–मेल पते कंपनी के पास निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैनड प्रति jpvl.investor@jalindia.co.in पर ई–मेल द्वारा भेज कर कंपनी के पास अपने ई–मेल पते पंजीकृत कर सकते हैं।

i) अपना नाम, फोलिओ संख्या और पूरा पता लिखकर हस्ताक्षरित आवेदन पत्र ;
ii) पैन कार्ड की स्वयं हस्ताक्षरित स्कैनड प्रति ; और
iii) सदस्य के कंपनी के पास पंजीकृत पते के पक्ष में किसी भी दस्तावेज (जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चुनाव पहचान पत्र, पासपोर्ट ) की स्वयं हस्ताक्षरित स्कैनड प्रति ;

4) अभौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य कृपया निक्षेपकर्त्ताओं के पास ई–मेल पता / इलैक्ट्रानिक बैंक शासनादेश के साथ अपना केवाईसी अपडेट करे ;

5) वार्षिक समापन करने के लिये सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर अंतरण पुस्तकें **24.07.2026 से 30.07.2026** (दोनों दिवस सहित) तक बंद रहेगी।

उपरोक्त जानकारी कंपनी के सदस्यों के लाभ और जानकारी हेतु जारी की गयी है । और यह एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन मे है।

कृते जयप्रकाश पॉवर वेंचर्स लिमिटेड
महेश चतुर्वेदी
महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव
एफसीएस: 3188

दिनांक : 30 जून, 2026
स्थान : नई दिल्ली


# एक ही परिवार के मतदाताओं का विभाजन किसी भी स्थिति में न होने पाएः जिलाधिकारी

## परीक्षण के बाद ही मतदेय स्थल सूची को अंतिम रूप दें

भास्कर ब्यूरो | वाराणसी

जिला निर्वाचन अधिकारी/डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित कक्ष में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों एवं मतदेय स्थलों के संशोधन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ बैठक हुई। जिसमें प्रतिनिधियों के सुझाव लिए गए तथा ईआरओ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में एक ही परिवार के मतदाताओं का विभाजन न होने पाए। सभी एसडीएम, ईआरओ अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करें। आयोग के निर्देशानुसार 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदेय स्थलों का नियमानुसार संभाजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों के संबंध में यदि किसी मान्यता प्राप्त राजननीतिक दल के पास कोई सुझाव व आपत्तियों अथवा प्रस्ताव हो तो उसे 03 जुलाई की सायं तक जिला निर्वाचन कार्यालय में लिखित रूप से उपलब्ध करा दें, ताकि संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नियमनुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इसके बाद मतदेय स्थलों की सूची का 4 जुलाई को आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा तथा उसकी प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजननीतिक दलों को उपलब्ध करा दी जाएगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, ईआरओ सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# समझौते से हल होंगे मामले, लोक अदालत में मिलेगा शीघ्र न्याय

भास्कर ब्यूरो | वाराणसी

सुप्रीम कोर्ट में लंबित वादों का आपसी सुलह और समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए 'समाधान समारोह-2026' के तहत विशेष लोक अदालत लगेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव राजीव मुकुल पाण्डेय ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को यह विशेष लोक अदालत आयोजित होगी। जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला के निर्देशन में इसका आयोजन होगा। इसमें ऐसे मामले लिए जाएंगे जिनमें समझौते की संभावना है। उद्देश्य पक्षकारों को सस्ता, सरल और त्वरित न्याय देना है। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। सुलह-समझौते के लिए बैठकें 3, 7 और 13 जुलाई को जनपद न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर के मीडिएशन हॉल में होंगी। पक्षकार ऑनलाइन लिंक से भी जुड़ सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से संपर्क करें।

# सेवा भावना के साथ चिकित्सक कार्य करेंः सीएमओ

**वाराणसी** | चिकित्सक सेवा भावना के साथ कार्य करते हुए एक सेवक की भूमिका में कार्य करे। उक्त बातें मंगलवार को सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार ने पीएचसी हरहुआ के निरीक्षण व व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के पश्चात कही। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार से राष्ट्रीय कार्यक्रम मे हरहुआ की उपलब्धि, चल रहे पल्स पोलियो अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त की।








# वेयर हाउस की सुरक्षा को दें सर्वोच्च प्राथमिकताः डीएम

## राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों संग ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण

भास्कर ब्यूरो | वाराणसी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में सदर तहसील स्थित वेयर हाउस में रखे ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी प्रणाली तथा परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयर हाउस की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए व सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी निर्धारित समय के अनुसार सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही सीसीटीवी कंट्रोल रूम को 24 घंटे संचालित रखने के निर्देश दिए, ताकि वेयर हाउस में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा सके।

### जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान ये निर्देश भी दिए

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को परिसर एवं संबंधित कक्षों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी सामग्री के सुरक्षित रख-रखाव के लिए वेयर हाउस परिसर की व्यवस्थाएं बेहतर बनी रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मशीनों की स्थिति, सुरक्षा उपकरणों, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा संधारित अभिलेखों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ रखा जाए तथा नियमित रूप से निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही की संभावना न रहे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, एसडीएम सदर नितिन सिंह सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


